हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–23 : जौनपुर, सोमवार 12 सितम्बर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज : हिंदू पक्ष के हक में आया फैसला

वाराणसी ब्यूरो : बहुचर्चित ज्ञानवापी–श्रृंगार गौरी केस में वाराणसी जिला जज की अदालत का फैसला हिंदू पक्ष के हक में आया है। अदालत ने ज्ञानवापी परिसर में मां श्रृंगार गौरी मंदिर में पूजा की अनुमति देने वाली याचिका को सुनवाई योग्य माना है। कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की याचिका को खारिज कर दिया। मामले की अगली सुनवाई 22 सितंबर को होगी। इधर, मुस्लिम पक्ष के अधिवक्ताओं ने जिला जज के इस फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती देने की बात कही है। जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेस मुस्लिम पक्ष के रूल 7 नियम 11 के आवेदन को खारिज किया। मुख्य रूप से उठाए गए तीन बिंदुओं– प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट, काशी विश्वनाथ ट्रस्ट और वक्फ बोर्ड से इस वाद को बाधित नहीं माना और श्रृंगार गौरी वाद सुनवाई योग्य माना। जिला जज ने 26 पेज के आदेश का निष्कर्ष लगभग 10 मिनट में पढ़ा। इस दौरान सभी पक्षकार मौजूद रहे।अदालत के फैसले के बाद हिंदू पक्ष के लोगों में खुशी की लहर है। इधर, वाराणसी में हाई अलर्ट है। कचहरी परिसर, काशी विश्वनाथ धाम क्षेत्र समेत अन्य संवेदनशील इलाकों में पुलिस विशेष सतर्कता बरत रही है। सुप्रीम कोर्ट ने श्रृंगार गौरी मामला सुनवाई योग्य है या नहीं, इस पर फैसले के लिए मुकदमे को जिला जज की अदालत में भेज दिया था। गौरतलब है कि काशी विश्वनाथ मंदिर और ज्ञानवापी मस्जिद को लेकर छह से ज्यादा मुकदमे अलग–अलग कोर्ट में लंबित हैं। हिंदू समाज को बहुत बड़ी जीत मिली हिंदू पक्ष के पैरोकार सोहन लाल आर्य ने कहा कि आज हिंदू समाज को बहुत बड़ी जीत मिली है। अगली सुनवाई 22 को होगी। ज्ञानवापी मंदिर के लिए यह मील का पत्थर है। हम सभी लोगों से शांति की अपील करते हैं। ज्ञानवापी मामले में महिला वादियों के पैरौकार व विश्व वैदिक संघ से प्रमुख जितेंद्र सिंह बिसेन ने कहा कि संपूर्ण सनातन समाज को प्रथम जीत की मंगलमय शुभकामनाएं। सभी पक्ष संयम और विवेक से कार्य करें। अति उत्साह में देश की शांति व्यवस्था ना बिगड़े इस बात का विशेष ध्यान रखें। हर–हर महादेव। एक नजर में पूरा मामला 18 अगस्त 2021 को श्रृंगार गौरी नियमित दर्शन पूजन का मामला राखी सिंह और अन्य चार महिलाओं द्वारा वाराणसी के अदालत में दायर किया गया था। इसके खिलाफ मुस्लिम पक्ष के अंजुमन इंतजाम या कमेटी के वकील सुप्रीम कोर्ट तक गए थे। तत्कालीन सिविल जज सीनियर डिविजन रवि कुमार दिवाकर ने कोर्ट कमिश्नर नियुक्त कर ज्ञानवापी का सर्वे कराने का आदेश दिया था। कमीशन की कार्यवाही के खिलाफ अंजुमन इंतेजामिया कमेटी ने सुप्रीम कोर्ट में गुहार लगाई थी और मामले की पोषणीयता पर सवाल उठाए थे। 16 मई 2022 को सर्वे की कार्यवाही के बाद सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर 23 मई 2022 से इस मामले में जिला कोर्ट में सुनवाई चल रही है। जून के आखिरी हफ्ते से लगातार इस मामले पर हिंदू पक्ष और मुस्लिम पक्ष के वकीलों द्वारा दलीलें पेश की जा रही थीं। सोमवार को अदालत ने हिंदू पक्ष के हक में फैसला सुनाया। फैसला आया...मामला खींचेगा लंबा हिंदू पक्ष के दावे के मुताबिक 1993 से पहले तक मस्जिद के कुछ हिस्सों में हिंदू रीति रिवाज के मुताबिक पूजा होती थी और इस ज्ञानवापी मस्जिद का पूरा ढांचा मंदिर को तोड़कर बनाया गया है। दूसरी ओर मुस्लिम पक्ष लगातार इस बात पर जोर देता रहा है कि 1947 के बाद किसी धार्मिक स्थल के चरित्र को बदला नहीं जा सकता। साथ ही साथ 1991 के विशेष उपासना स्थल कानून के तहत कमीशन की कार्यवाही भी गलत है। अब जिला जज के फैसले से हिंदू पक्ष के दावों पर मुहर लगी है। श्रृंगार गौरी नियमित दर्शन का मामला अब आगे चलेगा। फैसले के खिलाफ एक पक्ष ऊपरी अदालत का रुख करेगा। जिला जज की अदालत में अगली सुनवाई 22 सितंबर को होगी। माना जा रहा है कि ये मामला अभी लंबा चलेगा।

## श्रीराम कथा सुनने से मनुष्य के दूर होते हैं दु:ख– अखिलेश मिश्र आईएएस

सुजानगंज, जौनपुर ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : संगीतमय श्रीराम कथा का रसपान कराते हुए कथावाचक विशेष सचिव यातायात उत्तर प्रदेश सरकार श्री अखिलेश मिश्रा ने कहा कि श्री राम कथा के सुनने से मनुष्य के सारे कष्ट दूर हो जाते हैं, जौनपुर जिले के सुजानगंज क्षेत्र के मोहरियांव गांव में डॉ देवेंद्र प्रकाश सरोज वैज्ञानिक प्रोफेसर एवं प्रमुख पर्यावरण इंजीनियरिंग केंद्र, जो कि सुरे यूनिवर्सिटी लंदन, इंग्लैंड में अपनी सेवा दे रहे हैं आज निजी आवास पर एक दिवसीय संगीत मय श्रीराम कथा के दौरान उन्होंने कहीं, भगवान श्रीराम कथा का वर्णन करते हुए भगवान रामचंद्र जी सहित हनुमान जी के बल, बुध यश का बखान करते हुए उपस्थित श्रोताओं को कथा का रसपान कराया, उन्होंने श्री राम कथा का संपूर्ण सारांश बहुत कम समय में सुना कर पूरा क्षेत्र भक्तिमय कर दिया, कथा के दौरान सुंदर सुंदर भजन का आनंद सभी श्रोताओं ने लेते रहे कथा आरती के साथ संपन्न हुई, भगवंती देवी राज मूर्ति चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा कथा का आयोजन किया गया था जिसमें टृस्ट के पदाधिकारी डॉ देवेंद्र प्रकाश सरोज, भगवंती देवी, कैलाशी देवी, बबिता राज अभिषेक राज,जीवन कुमार पांडेय, अनुष्का रावत, के द्वारा समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रशासनिक अधिकारी अधिवक्ता डॉक्टर पत्रकार आदि लोगों को सम्मानित किया गया, जिसमें कथावाचक आईएस अखिलेश मिश्रा के हाथों सतीश




कुमार श्रीवास्तव अधिवक्ता, थानाध्यक्ष सुजानगंज कृष्ण कुमार सिंह सुरेश सिंह एसआई, लाल चंद्र निषाद वरिष्ठ पत्रकार, आदि सहित दर्जनों लोगों को सम्मान प्रमाण पत्र एवं अंगअस्त्र देते हुए माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया, वहीं पर कार्यक्रम में कवित्री एवं भजन गायिका लखनऊ डॉक्टर सरला शर्मा एवं संगीतकार तबला वादक आनंद भूषण भट्ट ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया, इस अवसर पर विनय कुमार उपाध्याय, उप निरीक्षक सुजानगंज सुरेश कुमार सिंह, अशोक श्रीवास्तव, सुरेश कुमार, वशिष्ठ नारायण दिलेन्द्र यादव, उर्मिला देवी, दुर्गावती देवी, पंडित गोपाल मणि तिवारी, अधिवक्ता सोनू तिवारी, शशांक शेखर, सचिन आदि उपस्थित रहे।

### आवश्यक सूचना

**आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–**

**www.Deshkiupasana.com**
**www.Deshkiupasana.in**
**www.Deshkiupasana.org**

**–संपादक**

## जनपद में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाए जाने के सम्बंध में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा बैठक संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जनपद में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाए जाने के सम्बंध में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रट सभागार में दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों व अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सन्तोष कुमार को निर्देश दिया कि साफ–सफाई रहे। जिलाधि





कारी ने अधीक्षण अभियंता को निर्देश दिया कि खराब ट्रांसफर बदल दिए जाएं। जो खुले में रखे गए हों उन्हें ढकने की व्यवस्था तत्काल किया जाये, जर्जर तार कही हो तो बदल दिए जाएं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि त्योहार के दौरान पुलिस व्यवस्था चाक चौबंद रहे। महिला पुलिस भी सक्रिय रहे। सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी की जाए। जिलाधिकारी ने अध्यक्ष दुर्गा पूजा समिति को निर्देश दिया कि पंडालों में विद्युत सुरक्षा, आग से बचने के सभी उपाय उपलब्ध रहे। जिलाधिकारी ने बताया कि मूर्ति विसर्जन के लिए शहर में ईओ एवं ग्रामीण क्षेत्रों के डीपीआरओ को नोडल बनाया गया है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम प्रकाश, अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व रजनीश राय, नगर मजिस्ट्रेट आयुष चौधरी सहित अन्य अधिकारीगण एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मकर संक्रांति के दिन विराजमान होंगे रामलला : राम मंदिर निर्माण में आएगा लगभग 1800 करोड़ का खर्च

अयोध्या(जिला संवाददाता)सुरेंद्र कुमार। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट व राम मंदिर निर्माण समिति की प्रथम दिन की बैठक संपन्न हुई,पहले दिन की बैठक में ट्रस्टीयों ने तीन महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अंतिम मुहर लगाई थी।श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के 15 ट्रस्टीयों में से 14 ट्रस्टीयों ने बैठक में हिस्सा लिया,10 ट्रस्टी बैठक में मौजूद रहे, चार ट्रस्टीयों को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जोड़ा गया, पहले दिन की बैठक में राम मंदिर के निर्माण पर आने वाले खर्च को लेकर चर्चा की गई, लगभग अट्ठारह सौ करोड़ रुपए का खर्च राम मंदिर के निर्माण में होगा,श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्ट ने नियमावली पर भी अंतिम मुहर लगा दी है, राम जन्मभूमि परिसर में महा ऋषियों और रामायण कालीन पत्रों को भी जगह दी जाएगी, महर्षिवाल्मीकि महर्षि वशिष्ठ महर्षि विश्वामित्र और महर्षि अगस्त के साथ साथ निषादराज ,माता शबरी और जटायु के मंदिर का निर्माण किया जाएगा।श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट



के ट्रस्टीयों ने द्वारिका पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वरूपानंद सरस्वती और ASI के पूर्व महानिदेशक बृजवासी लाल को श्रद्धांजलि भी दी गई।राम लला की अचल मूर्ति सफेद पत्थर की होगी।मकर सक्रांति के दिन रामलला विराजमान होंगे।

## मां सिद्धिदात्री सेवा समिति ने समाजसेविका महिलाओं को किया सम्मानित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। मां सिद्धिदात्री सेवा समिति एवं आगाज सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कोरोना सम्मान समारोह होटल ग्रैंड जेबीआर गोमती नगर लखनऊ में संपन्न हुआ। समाज सेविका महिलाओं को मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम बृजेश पाठक के प्रतिनिधि अमित गोयल ने सम्मानित किया। जिन समाज सेविका महिलाओं को सम्मानित किया गया उनमें संगीता मिश्रा, सरिता त्रिपाठी, रेनू तिवारी, नीलम मिश्रा, शालिनी श्रीवास्तव, बीना सिंह, निर्मला सिंह,शालिनी सिंह, श्रेया निगम, उषा गोस्वामी, गीता शर्मा ,वर्षा अग्रवाल ,उषा विश्वकर्मा, कंचन सिंह , विधि वर्मा, मंजू मिश्रा, वर्षा अग्रवाल, लक्ष्मी सिंह, नीता शर्मा, ममता जिंगल डॉ मीनाक्षी सिंह, डॉ. मंजली सिंह ,मणि वर्मा, कार्तिक माथुर, मनीषा पाठक, सोनाली दुबे



,चांदनी राठौर, अर्चना सिंह ,रचना पाठक, अनीता सिंह, कंचन सिंह लखनऊ, पूजा मिश्रा, मीना पांडे, गीता सिंह, आशा सिंह ,वंदना सिंह, प्रभा सिंह, पूनम सिंह, मंजू सिंह आदि प्रमुख हैं। मुख्य अतिथि के रूप में अमित गोयल एवं नरेंद्र पांडे उपस्थित रहे।

## बच्चा चोर का आरोप लगाकर एक युवक की पिटाई करने के आरोप में चार गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बच्चा चोरी का अफवाह फैलाकर मारपीट करने वाले चार व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस ने कठोर कार्रवाई की है। सरायख्वाजा पुलिस ने चारो आरोपियों के खिलाफ जान से मारने का प्रयास करने समेत कई गंभीर धाराओं के तहत गिरफ्तार किया है। एसपी अजय साहनी के निर्देश पर बच्चा चोरी की अफवाह में मारपीट की घटनाओं को रोकने एवं मारपीट करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के अभियान के तहत सरायख्वाजा के थानेदार घनश्याम शुक्ला ने अपनी टीम के साथ दबिस देकर ककोरगहना से बच्चा चोरी की अफवाह फैलाकर मारपीट करने वाले वांछित 04 अभियुक्तों रोहित सोनकर पुत्र पहलवान सोनकर, बल्ली सोनकर पुत्र नन्दलाल सोनकर, बिक्की सोनकर पुत्र मुन्नालाल सोनकर निवासी धन्नुपुर कुत्तुपुर थाना सरायख्वाजा और रंजीत पुत्र स्व0 सुरेन्द्र निवासी ककोरगहना थाना सरायख्वाजा को गिरफ्तार किया गया। सभी अभियुक्तों के खिलाफ 147/323/504/307 भादवि के तहत मुकदमा दर्ज करके जेल भेज दिया। मामूल हो कि बीते शनिवार की सुबह करीब 8 बजे कुत्तुपुर बाजार के पास हरा शर्ट पहन कर एक बाहरी युवक टहल रहा था ।इसी दौरान वहा मौजूद ग्रामीणों ने उसे



बच्चा चोर समझकर शोर मचा दिया और लोगों ने उसे पकड़ लिया । उसे लाकर कुत्तुपुर मंदिर परिसर में उसे हाथ बांधकर दीवाल से बांध दिया। और इस दौरान उसकी जमकर पिटाई करने लगे ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीटे जा रहे युवक को हिरासत में लेकर थाने पहुची पूछताछ शुरू कर दी । ग्रामीणों के आरोप पर पुलिस के मामले की जांच में जुटी है । इस बारे में थानाध्यक्ष अवनीश कुमार राय का कहना है कि युवक मानसिक मानसिक रूप से ठीक नहीं है और उसे हिरासत में लिया गया है। मामले की जांच पहचान की जा रही है। यह बच्चा चोर नहीं है । अफवाहन इसे बच्चा चोर कहा गया है जो गलत है। जांच में ग्रामीणों का आरोप निराधार निकलने पर पुलिस ने पिटाई करने वाले चार आरोपियों के खिलाफ यह कार्रवाई की है।

## विकास खण्ड–बक्सा में दिव्यांगजनों को वितरित की गई आवश्यक वस्तुएं

जौनपुर सू.वि. : विकास खण्ड–बक्सा में माननीय विधायक बदलापुर रमेश चन्द्र मिश्र एवं माननीय विधान परिषद सदस्य बृजेश सिंह (प्रिंशू) द्वारा दिव्यांगजनों को 56 अदद ट्राईसाइकिल, 05 अदद व्हीलचेयर, 10 अदद



हियरिंग एड, एवं 05 अदद स्मार्ट केन का वितरण किया गया है। सहायक उपकरण वितरण समारोह की अध्यक्षता माननीय ब्लाक प्रमुख मनोज कुमार यादव द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी सुश्री दिव्या शुक्ला एवं खण्ड विकास अधिकारी, बक्सा राजीव सिंह उपस्थित रहें। सहायक उपकरण वितरण में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के कर्मचारी एवं विकास खण्ड–बक्सा के कर्मचारियों द्वारा पूर्ण सहयोग किया गया।

## जेसीआई जौनपुर द्वारा आयोजित रैली लोगों को जागरूक करने का कर रही सराहनीय प्रयास– सीडीओ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर की अग्रणी संस्था जेसीआई जौनपुर के अध्यक्ष डा. संदीप पाण्डेय के द्वारा डेंगू, मलेरिया और अन्य विषाणुजनित बीमारियों से बचाव के लिये सप्ताह चेयरमैन दिलीप सिंह, कार्यक्रम निदेशक डा. आनन्द प्रकाश और सूर्यांक साहू के सहयोग से एक जागरूकता रैली आयोजित की गई। जिसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि के रूप में जनपद के लोकप्रिय मुख्य विकास अधिकारी सीलम साई तेजा द्वारा किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में जेसीआई जौनपुर के इस प्रयास की सराहना की और सभी जनपदवासियों से अपील किया कि वे साफ–सफाई का पूरा ध्यान रखें। कहीं भी जल एकत्र न होने दें जिससे हमारा जनपद इस प्रकार की बीमारियों से मुक्त हो सके। इस रैली का आरम्भ विकास भवन से लेकर जेसीज चौराहा, शाही पुल, नगर पालिका होते हुए भण्डारी स्टेशन तक किया गया। जिसमें संस्थाध्यक्ष डा. संदीप पाण्डेय द्वारा लाउडस्पीकर के माध्यम से लगातार लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया।



रैली के भण्डारी स्टेशन पर पहुंचने के पश्चात पूर्व मण्डलाध्यक्ष राधेरमण जायसवाल, आलोक सेठ, मण्डल उपाध्यक्ष गौरव सेठ, दिवस प्रभारी शशांक सिंह रानू, पूर्व अध्यक्ष कृष्ण कुमार जायसवाल, रत्नेश गुप्ता के द्वारा अपने उद्बोधन में सभी लोगों को इन बीमारियों से बचने के लिये सचेत किया गया। इस कार्यक्रम में रेडक्रास सोसाइटी के सचिव डा. मनोज वत्स, आशुतोष गुप्ता, रितुल पाठक, नीरज श्रीवास्तव, कृष्ण गोपाल, अतुल जायसवाल, रमेश श्रीवास्तव, रतन सीकरी, भरत सेठ, दिलीप जायसवाल, प्रदीप सिंह, शुभम जायसवाल, सौरभ बरनवाल आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संस्था सचिव प्रदीप जायसवाल ने किया तथा सूर्यांक साहू ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

**–सुविचार–**

**यकीन और दुआ नजर नहीं आते मगर नामुमकिन को मुमकिन बना देते हैं।**

*–साभार ज्ञानामृत पत्रिका*

OM SHANTI

## सम्पादकीय

# चुनावी राजनीति में दक्षिण : भाजपा की आक्रामक रणनीति

उत्तर भारत की जो पार्टियां अक्सर दक्षिण की आलोचना करती थीं, अचानक वे इन राज्यों पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं। दक्षिण में छह से आठ जातियों का वर्चस्व है। इनमें सबसे शक्तिशाली लिंगायत, वोक्कालिगा, गोंडर, थेवर, खम्मा और रेड्डी हैं।

दक्षिण के क्षेत्रीय दलों के नेता अचानक उत्तर भारत पर ध्यान क्यों केंद्रित करने लगे हैं? यह भारतीय राजनीति में एक नया मोड़ है। आप चाहे जिस तरफ से देखें, उत्तर और दक्षिण भारत के बीच एक स्पष्ट विभाजन मौजूद है। ऐसे में, वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले अपनी रणनीतियों और प्रभाव क्षेत्र से बाहर निकलते हुए कई नेताओं ने उत्तर और दक्षिण के बीच भागदौड़ शुरू कर दी है। इसकी मुख्य वजह यह है कि दक्षिण भारत में लोकसभा की 130 सीटें हैं। वायनाड से सांसद और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा शुरू की है। इसी तरह के. चंद्रशेखर राव ने पिछले दिनों नीतीश कुमार से मुलाकात की, तो दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अपने शिक्षा मॉडल का प्रचार करने तमिलनाडु पहुंचे। उन्होंने वहां द्रमुक के प्रमुख एम. के. स्टालिन से मुलाकात भी की।

इसी तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केरल के कोच्चि में भारतीय नौसैनिक जहाज विक्रांत राष्ट्र को समर्पित किया, तो गृहमंत्री अमित शाह ने दक्षिणी राज्य परिषद की बैठक के लिए केरल को चुना।

भाजपा द्वारा अचानक बीएस येदियहरप्पा को संसदीय बोर्ड में शामिल करने का फैसला और तमिलनाडु की वनती श्रीनिवासन को भाजपा महिला मोर्चा का प्रमुख बनाना, जो हिंदी नहीं जानतीं, क्या बताता है? यही कि भाजपा के लिए भी दक्षिण भारत का महत्व बढ़ गया है। राहुल गांधी कर्नाटक में दो युद्धरत कांग्रेस नेताओं—डीके शिव कुमार और सिद्धारमैया को नाटकीय तरीके से एक साथ ले आए, जैसे कि उन्होंने कांग्रेस के लिए मिलकर काम करने के लिए सुलह कर ली हो। गौरतलब है कि पंजाब में नवजोत सिंह सिद्धू और चरणजीत सिंह चन्नी को साथ लाने के लिए भी राहुल गांधी ने यही किया था। उसके बावजूद पंजाब में कांग्रेस चुनाव हार गई।

भाजपा और कांग्रेस के फैसलों से पता चलता है कि दोनों राष्ट्रीय दलों की नजर दक्षिण भारत के छह राज्यों की 130 लोकसभा सीटों पर है। 1980 के दशक के उत्तरार्ध में एनटीआर, एमजीआर, जयललिता जैसे कद्दावर नेता थे, लेकिन हाल के वर्षों में इन नेताओं की प्रतिकृतियां ही रह गईं। इनमें से कई 2जी और कोयला घोटाले में संलिप्त थे। यहां तक कि यूपीए सरकार में वित्तमंत्री रहे पी. चिदंबरम तक को सुप्रीम कोर्ट ने जेल में डाल दिया था। दक्षिण की क्षेत्रीय पार्टियों को इससे पहले कभी ऐसा अनुभव नहीं हुआ होगा।

उत्तर भारत की जो पार्टियां अक्सर दक्षिण की आलोचना करती थीं, अचानक वे इन राज्यों पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं। दक्षिण में छह से आठ जातियों का वर्चस्व है। इनमें सबसे शक्तिशाली लिंगायत, वोक्कालिगा, गोंडर, थेवर, खम्मा और रेड्डी हैं। इन समुदायों के नेता स्वतंत्रता सेनानी थे। लेकिन यहां केंद्र के खिलाफ क्षेत्रीय दलों का उदय हुआ। वर्चस्ववादी नीतियों के कारण ये पार्टियां स्वाभाविक ही कांग्रेस और भाजपा से चिढ़ गईं।

लेकिन अब भाजपा दक्षिण के राज्यों पर अपना ध्यान केंद्रित कर रही है। हाल ही में तेलंगाना राष्ट्र समिति के प्रमुख के. चंद्रशेखर राव ने पटना में नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव के साथ लोकसभा चुनाव 2024 की रणनीति पर चर्चा की। आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल ने तमिलनाडु और कर्नाटक का दौरा किया। ऐसा क्यों? नीतीश कुमार अक्तूबर में द्रमुक नेता स्टालिन से मिलेंगे।

हालांकि गोवा में विफल होने के बाद ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस ने दक्षिण भारत का रुख न करने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता दक्षिण में बढ़ी है। इसका प्रमुख कारण आठ वर्षों का स्वच्छ प्रशासन है।

यूपीए के विपरीत, उनके कार्यकाल में केंद्र—राज्य संबंध सहज रहे हैं। फिर खासकर यूपीए—2 में तो कई घोटाले, बम धमाके और सांप्रदायिक तनाव के हालात पैदा हुए थे। दिलचस्प बात यह है कि हाल के महीनों में प्रधानमंत्री मोदी की जगन मोहन रेड्डी से भी चार मुलाकातें हुईं और इतनी ही बार मुलाकातें चंद्रबाबू नायडू के साथ भी हुईं। क्या इसका मतलब यह है कि 2024 में आंध्र प्रदेश में भाजपा का कोई दुश्मन नहीं है? तथ्य यह है कि तेलंगाना का अलग राज्य बनने के बाद आंध्र में कांग्रेस का पतन हो गया है और भाजपा दक्षिण भारत में निश्चित रूप से आगे बढ़ रही है। कर्नाटक और पुदुचेरी में उसकी सरकार है।

जबकि कांग्रेस ने आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में अपना जनाधार खो दिया है। जब से उत्तर प्रदेश में मोदी और योगी की डबल इंजन सरकार की वापसी हुई, दक्षिण में मोदी की लोकप्रियता में और इजाफा हुआ है। भाजपा की आक्रामक 'दक्षिण की ओर देखो' नीति फलदायी हो रही है। उनका नारा है—'पहले तेलंगाना, फिर तमिलनाडु।'

बहुत व्यवस्थित ढंग से हर महीने प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जे. पी. नड्डा सभी दक्षिणी राज्यों का दौरा कर रहे हैं, लेकिन सबसे ज्यादा जोर तेलंगाना पर है। यही कारण है कि के. चंद्रशेखर राव बौखला गए हैं और उत्तर भारत में भाजपा के जनाधार में सेंध लगाना चाहते हैं। विभिन्न दलों और उनकी विचारधारा में उत्तर भारत और दक्षिण भारत में अंतर है। दक्षिण भारतीय मतदाता मुख्यमंत्री के रूप में फिल्मी सितारों को देखते रहे हैं। लेकिन कोरोना के बाद मजबूत हुई डिजिटल भुगतान व्यवस्था ने खासकर दक्षिण भारतीय छात्रों को मोदी और भाजपा का मुरीद बना दिया है। इसके अलावा, यूक्रेन युद्ध के दौरान युद्ध क्षेत्र से दक्षिण के हजारों छात्रों को सुरक्षित वापस लाया गया।

वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में अब जबकि ज्यादा समय नहीं है, सोशल मीडिया के जरिये भाजपा की पहुंच तेजी से बढ़ रही है। इसका श्रेय दूर—दराज के गांवों में फैले 5जी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क को जाता है।

इसलिए दक्षिण के राज्यों में आगामी लोकसभा चुनाव का प्रचार और मतदान अनोखा होगा। मोदी ने थोक भाव में दक्षिण के लोगों को पद्म पुरस्कार बांटे हैं। अपने मासिक 'मन की बात' में उन्होंने दक्षिण के सामान्य लोगों का परिचय दिया है और दक्षिण के मध्यवर्ग तक भी पहुंचे हैं। द्रमुक, टीआरएस, वाईएसआर जगन रेड्डी मोदी का मुकाबला करने में विफल हो रहे हैं। कहने की जरूरत नहीं कि भाजपा और मोदी ने दक्षिण के युवाओं को आकर्षित किया है, जिसका लाभ 2024 में मिलने वाला है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# गायत्री प्रज्ञा पीठ पर पितरों के श्राद्ध और तर्पण का शुरू महापर्व

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : गायत्री प्रज्ञा पीठ की पिहानी पर पितरों के श्राद्ध तर्पण का महापर्व की शुरुआत हो चुकी है । जिसमें रविवार को एक दर्जन से अधिक श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।10 सितंबर को भाद्रपद मास की अंतिम तिथि पूर्णिमा थी। इस दिन से 25 सितंबर तक रोज पितरों के लिए श्राद्ध, तर्पण आदि काम किए जाएंगे। 11 सितंबर से पितृ पक्ष शुरू हो रहा है। पूर्णिमा तिथि के श्राद्ध भादौ पूर्णिमा पर किए जा सकते हैं। गायत्री प्रज्ञा पीठ के प्रमुख ट्रस्टी अतुल कपूर ने बताया कि सनातन धर्म में श्राद्ध पक्ष का बहुत अधिक महत्व है। पितृ पक्ष के 15 दिनों में पितरों की पूजा, तर्पण और पिंडदान करने से पितृ देव प्रसन्न होते हैं और उनकी आत्मा को शांति मिलती है। पितृ पक्ष के दौरान पितरों की पूजा और उनकी आत्मा की शांति के लिए तर्पण या पिंडदान करने की परंपरा निभाई जाती है। आत्मा शांति के लिए पिंड दान और तर्पण की है परंपरा प्रमुख ट्रस्टी अतुल कपूर ने बताया कि हिंदू धर्म में पितृ पक्ष के दौरान पितर देवों को तर्पण, श्राद्ध और उनकी आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया जाता है। भाद्रपद की पूर्णिमा तिथि और आश्विन माह के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तक पितृ पक्ष रहता है। पितृ पक्ष के दौरान पितरों की पूजा और उनकी आत्मा की शांति के लिए तर्पण या पिंडदान करने की परंपरा निभाई जाती है। भाद्रपद शुक्ल पूर्णिमा से आश्विन माह की अमावस्या तक पितरों का तर्पण देने और उनकी की आत्मा की शांति के लिए पितृपक्ष रखे गए हैं। पितृपक्ष के दौरान लोग अपने पूर्वजों का श्राद्ध कर्म करते हैं। पितृपक्ष में श्राद्ध कर्म करने पर पूर्वजों की आत्मा को शांति मिलती है। पितामह भीष्म ने युधिष्ठिर को बताया था कैसे शुरू हुए श्राद्ध कर्म गायत्री प्रज्ञा पीठ के व्यवस्थापक देवेंद्र मिश्र ने बताया कि महाभारत के अनुशासन पर्व में भीष्म पितामह और युधिष्ठिर के संवाद बताए गए हैं। इन संवादों में भीष्म पितामह ने युधिष्ठिर को बताया था कि श्राद्ध कर्म की शुरुआत कैसे हुई? भीष्म पितामह ने बताया था कि प्राचीन समय में सबसे पहले महर्षि निमि को अत्रि मुनि ने श्राद्ध का ज्ञान दिया था। इसके बाद निमि ऋषि ने श्राद्ध किया और उनके बाद अन्य ऋषियों ने भी श्राद्ध कर्म शुरू कर दिए। इसके बाद श्राद्ध कर्म करने की परंपरा प्रचलित हो गई। शुभ कार्य करने से पहले करनी चाहिए पूर्वजों की पूजा गायत्री प्रज्ञा पीठ पिहानी के ट्रस्टी मृदुल



कपूर ने बताया कि शास्त्रों में कहा जाता है कि पृथ्वी पर जीवित व्यक्तियों को किसी भी शुभ कार्य या पूजा करने से पहले अपने पूर्वजों की पूजा जरूर करनी चाहिए। मान्यता है अगर पितृगण प्रसन्न रहते है तभी भगवान भी प्रसन्न होते हैं। शास्त्रों में किसी व्यक्ति की मृत्यु होने पर उसका उसके परिवार के सदस्यों द्वारा श्राद्ध कर्म करना बहुत ही जरूरी होता है। अगर विधि—विधान से मृत्यु के बाद परिवार के सदस्यों का तर्पण या पिंडदान न किया जाये तो उसकी आत्मा को मुक्ति नहीं मिलती है। पितृगण की पिंडदान न करने पर उसकी आत्मा मृत्यु लोक में भटकती रहती है। किस तिथि पर करें मृत्यु तिथि न पता होने पर श्राद्ध पंडित संदीप शुक्ला ने बताया कि हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार हर महीने की अमावस्या तिथि पर पितरों की शांति के लिए श्राद्ध किया जा जाता है, लेकिन पितृपक्ष के दौरान श्राद्ध करने और गया में पिंडदान करने का अलग ही महत्व होता है। पितरों की आत्मा की शांति और तृप्ति के लिए पितृपक्ष में उनका श्राद्ध करना चाहिए। अगर किसी परिजन की मृत्यु की सही तारीख पता नहीं है तो आश्विन अमावस्या के दिन उनका श्राद्ध किया जा सकता है। पिता की मृत्यु होने पर अष्टमी तिथि और माता की मृत्यु होने पर नवमी तिथि तय की गई है। जब किसी व्यक्ति की मृत्यु किसी दुर्घटना में हुई तो उसका श्राद्ध चतुर्दशी तिथि पर करना चाहिए। श्राद्ध करने का पहला अधिकार पुत्र को पंडित नरेश चंद्र मिश्र ने बताया कि शास्त्रों के अनुसार पुत्र ही माता पिता को पूं नामक नरक से मुक्ति दिलाता है इसलिए उसे पुत्र कहते हैं। माता पिता की मृत्यु के बाद पुत्र ही पिंड दान, तर्पण,श्राद्ध आदि करता है। जिसके कारण मृतक की आत्मा को मोक्ष प्राप्त होता है। धर्म ग्रंथों के अनुसार श्राद्ध पुत्र को ही करना चाहिए। एक से ज्यादा बेटे होने पर सबसे बड़ा पुत्र श्राद्ध करता है। अगर सबसे बड़े बेटे की मृत्यु हो गई हो तो छोटे बेटे को श्राद्ध करने का अधिकार है। यानी घर में जो भी बड़ा भाई हो उसे ही श्राद्ध करना चाहिए।

# जीव—जंतुओं संग स्नेहभाव रखना जरूरी : मित्तल

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। जीव दया को अगर वैज्ञानिक या सैद्धांतिक रूप से परिभाषित किया जाए तो कहा जा सकता है हर जीव समान है और जीव जन्म लेने के बाद पूरी ताकत से जीने का प्रयास करता है। हम मनुष्य बिना सोचे समझे क्रूरता कर बैठते है। जीवदया का अर्थ है कि हर जीव कुदरत की देन है, स्नेहभाव रखना चाहिए। यह बात एनिमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया की ओर से चिनहट अयोध्या मार्ग स्थित गोयल आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल परिसर में आयोजित जीव दया संबंधित शिक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम में एनिमल वेलफेयर बोर्ड कर्नाटक के चेयरमैन ए के मित्तल ने कही। गौ सेवा संवर्धन यूपी के प्रांतीय अध्यक्ष रमाकांत उपाध्याय ने कहा कि गौ माता जिस जगह खड़ी रहकर आनंदपूर्वक चौन की सांस लेती है। वहां वास्तुदोष समाप्त हो जाते है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के डायरेक्टर आरके सिंह ने प्रदूषण के कारण जीव जंतओं पर होने वाले खतरे के बारे में जानकारी दी। गोयल जीएएमसी के डायरेक्टर डॉ. आलोक कमार मिश्र ने कहा कि आपदाओं



के दौरान मवेशियों को नजरअंदाज किया जाता है। इस मानसिकता में बदलाव की सख्त जरूरत है। संस्थान के उप चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीष सिंह ने कहा कि गौमूत्र एक संजीवनी है। यह एक अमृत के समान है जो दीर्घ जीवन प्रदान करता है, पुनर्जीवन देता है, रोगों को दूर रखता है, रोग प्रतिकारक शक्ति एवं शरीर की माँसपेशियों को मजबूत करता है। कार्यक्रम के संयोजक जय प्रकाश सक्सेना व गोयल ग्रुप के चेयरमैन ई. महेश गोयल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# प्रवेश प्रथम द्वितीय सोपान परीक्षाओं के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ

हरदोई पत्रकार जनार्दन श्रीवास्तव : तहसील सवायजपुर क्षेत्र के अंतर्गत पाली नगर स्थित पंत इंटरमीडिएट कॉलेज में सोमवार को उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड जिला संस्था हरदोई के तत्वावधान में प्रवेश, प्रथम व द्वितीय सोपान के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर एवं जांच शिविर का शुभारंभ किया गया। जिला संस्था से आये प्रशिक्षक प्रशान्त कुमार व प्रशिक्षिका खुशनूर बानो के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण शिविर के आज सोमवार प्रथम दिवस पर सर्वप्रथम ध्वज शिष्टाचार, तत्पश्चात प्रशिक्षण सत्र मेंस्काउट गाइड प्रार्थना, झंडागीत, नियम प्रतिज्ञा, सिद्धांत व स्काउट आंदोलन की जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ रामसेवक यादव, ट्रेनिंग काउंसलर सवायजपुर राकेश रंजन त्रिवेदी, स्काउट मास्टर रवि सिंह, वागीश बाजपेयी, गाइड कैप्टन दुर्गेश बाजपेयी व प्रशिक्षु स्काउट गाइड बच्चे मौजूद रहे।

# पुलिस विभाग में देर रात हुआ फेरबदल

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : एसपी सोमेन बर्मा ने करीब एक दर्जन वर्दीधारियों का स्थानांतरण किया है।हर बार की तरह एसपी के पीआरओ को मिला थाना प्रभारी का चार्ज, पूर्व पीआरओ शिवकांत त्रिपाठी को मिला था कोतवाली देहात थाने का चार्ज तो इस बार के पीआरओ अनिरुद्ध कुमार सिंह बने गोसाईगंज थाने के प्रभारी। क्राइम ब्रांच में रहे अनिल कुमार सिंह अब होंगे एसपी सोमेन बर्मा के पीआरओ।एसआई विनय कुमार सिंह लाइन से कादीपुर के सूरापुर चौकी प्रभारी बनाये गए—यहां रहे उप निरीक्षक गौरव अवस्थी को थाना दोस्तपुर भेजा है।उप निरीक्षक दीपेंद्र विक्रम सिंह द्वारिकगंज चौकी इंचार्ज बने हैं।बल्दीराय थाना में तैनात उप निरीक्षक चंद्र शेखर सोनकर को पारा चौकी इंचार्ज बनाया गया।कई मेला निपटा चुके तेज तर्रार दरोगा सीताराम यादव को मेला कंट्रोल प्रभारी बनाया गया है।उप निरीक्षक सुखदेव सिंह को जयसिंहपुर से हलियापुर थाने भेजा है।वही एस.आई ओम प्रकाश द्विवेदी को मोतिगरपुर से डायल—112 आफिस भेजा है।दो सिपाही भी ट्रांसफर किये गए हैं।

# बिलरियागंज थानाध्यक्ष के नेतृत्व में सेवानिवृत्त होमगार्ड को दी गई ससम्मान विदाई

आजमगढ़ पत्रकार राजकुमार जायसवाल : जनपद के बिलरियागंज थाना परिसर पर रविवार को एक विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया । विदाई समारोह का कार्यक्रम थानाध्यक्ष बिलरियागंज विजय प्रकाश मौर्य के नेतृत्व में हुआ । विदाई समारोह कार्यक्रम सेवानिवृत्त हुए होमगार्ड राजेंद्र यादव पुत्र टेल्हू यादव गांव असाधरपट्टी जोलहापुर निवासी को ससम्मान विदाई दी गई । जानकारी के लिए आपको बता दें कि सेवानिवृत्त हुए होमगार्ड राजेंद्र यादव बीते सन् 1989 से कंधरापुर और बिलरियागंज थाने पर तैनात होकर अपनी सेवा बड़ी ही इमानदारी व साहस पूर्वक देते रहे और समय—समय पर नवनियुक्त कर्मचारियों को सीख प्रदान करते रहे उनके सेवानिवृत्त हो जाने के बाद विदाई समारोह में संबंधित लोगों की आंखें नम हो गई । इस अवसर पर बिलरियागंज थानाध्



यक्ष विजय प्रकाश मौर्य , यस आई श्याम सिंह, शिव कुमार यादव, होमगार्ड इंचार्ज बुधिराम यादव , नितिन कुमार , वीरेंद्र कुमार सरोज, सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# हिंदी साहित्य सेवा अतुलनीय : हिन्दी ने देश को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया—प्रेमावती

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था श्री सरस्वती सदन'' के तत्वावधान में आयोजित हिन्दी दिवस समारोह बड़ी संख्या में बच्चों के प्रतिभाग के साथ आरम्भ हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रेमावती ने माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि के साथ किया। उन्होंने अपने सम्बोधन में हिन्दी की भूमिका को रेखांकित करते हुए विविधा धर्म संस्कृतियों तथा अन्य विविधताओं के बावजूद हिन्दी ही पूरे राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोये है उन्होंने सदन की सौ साल से अधिक हिन्दी साहित्य सेवा को अतुलनीय बताते हुये सदन कार्यसमिति के पदाधिकारियों के योगदान की सराहना की इसके पूर्व सदन अध्यक्ष अरूणेश वाजपेयी ने अपने स्वागत भाषण में सदन द्वारा हिन्दी के प्रचार—प्रसार के लिये आयोजित कार्यक्रमों का विवरण देते हुये कार्यक्रमों की निरन्तरता बनाये रखने का भरोसा जताया। मंत्री मनीष मिश्र ने संस्था की संक्षिप्त प्रगति आख्या पटल पर रखी तथा संचालन महेश मिश्र ने किया। कार्यक्रम के दौरान श्रीमती सरिता अग्रवाल के संयोजकत्व में आयोजित सुलेख प्रतियोगिता में 110 बच्चों ने प्रतिभाग किया। इसमें निर्णायकों की भूमिका श्रीमती शोभा अग्रवाल तथा सुश्री प्रियंका पाण्डे ने निभायी इसके पश्चात श्रवण मिश्र राही के संयोजन में सम्पन्न वरिष्ठ व कनिष्ठ वर्ग की वाक प्रतियोगिता में दो दर्जन से भी अधिक बच्चों ने प्रतिभाग किया। इसमे कनिष्ठ वर्ग का विषय ''अमृत कालीन उपलब्धियाँ'' था। तो वहीं वरिष्ठ वर्ग में ''अमृत कालीन चुनौतियाँ विषय पर वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किये इसमें निर्णायक की भूमिका सी०एस०एन० महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डा० नरेश चन्द्र शुक्ल तथा शिक्षिका अंजलि मिश्रा ने निभायी वाक




प्रतियोगिता की अध्यक्षता करते हुये पत्रकारिता के शोधार्थी राजेश त्रिपाठी ने कहा हिन्दी भारत की प्राण भाषा है। उन्होने हिन्दी सेवा के लिये सदन के प्रयासों की सराहना की इस अवसर पर राष्ट सेविका समिति की नगर कार्यवाहिका मूवी मिश्र ने भी आयोजन को सराहा। समारोह में अन्य लोगों के अतिरिक्त कवि राजकुमार सिंह व श्रवण तिवारी, अनिल श्रीवास्तव, गिरीश अभिषेक अग्निहोत्री अलका गुप्ता, अजेन्द्र सिंह, लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, विपिन तिवारी आदि मौजूद रहे। सुलेख प्रतियोगिता के परिणाम सुलेख प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर को आकांक्षा प्रथम केन्द्रीय विद्यालय की कृतिका चन्देल द्वितीय तथा वेणी माधव विद्या इंटर कालेज की खुशी वर्मा तृतीय रही। राम जूनियर हाईस्कूल की अस्मिता गुप्ता तथा जे० के पब्लिक स्कूल के प्रखर द्विवेदी को विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया। इसी प्रकार वाक प्रतियोगिता कनिष्ठ वर्ग में ऋतिक बाजपेयी एच० डी० कालेज प्रथम आज्ञा सिंह सेन्ट जेवियर्स स्कूल द्वितीय तथा इल्मा खातून आर्य कन्या पाठशाला त्रतीय घोषित की गयी तथा आर्यकन्या पाठशाला की सुभी प्रजापति को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। कनिष्ठ वर्ग में आस्था सिंह सेन्ट जेवियर्स स्कूल प्रथम, आयुष कटियार रफी अहमद किदवाई इण्टर कालेज द्वितीय तथा अंशुमान राजकीय इण्टर कालेज तृतीय घोषित किये गये। साक्षी सिंह आर्य कन्या इण्टर कालेज को सांत्वना पुरस्कार घोषित किया गया।

# पीपरपुर एसओ ने पहले एफआईआर दर्ज करने में की हीलाहवाली : अब दुष्कर्म के केस को दिखा रहे छेड़खानी

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : शौच के लिए निकली महिला से जबरन दुष्कर्म एवं उसके बाद भी उसे डरा—धमका कर कई महीनों तक यौन शोषण करने के मामले में पीपरपुर पुलिस के जरिए तफ्तीशी खेल करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले में आरोपी के प्रभाव में इस कदर विवेचना किया कि दुष्कर्म के मामले को छेड़खानी में तरमीम कर दिया। पीड़ित महिला ने पुलिस की तफ्तीश पर सवाल उठाते हुए कोर्ट में मॉनिटरिंग अर्जी दी है। अदालत ने मामले में संज्ञान लेते हुए थानाध्यक्ष पीपरपुर को विवेचना से जुड़े समस्त अभिलेखों के साथ व्यक्तिगत रूप से 15 सितंबर के लिए तलब किया है। मालूम हो कि पीपरपुर थाना क्षेत्र स्थित भेवई गांव के रहने वाले आरोपी अरविंद कुमार पांडेय के खिलाफ एक महिला ने दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित महिला के मुताबिक उसका पति गुजरात में रहता है। पीड़ित महिला के मुताबिक मुकदमा दर्ज होने की तिथि से करीब दो वर्ष पूर्व वह शौच के लिए निकली थी,इसी दौरान आरोपी अरविंद कुमार पांडेय ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया और उसके बाद भी उसे डरा—धमका कर उसका बराबर यौन शोषण करता रहा। लेकिन लोक—लाज की डर व आरोपी की दहशत की वजह से पीड़िता ने कहीं मुंह नहीं खोला,पीड़िता के मुताबिक कई बार पीड़िता ने आरोपी अरविंद पांडेय से अपने को बचाने का प्रयास किया लेकिन आरोपी की धमकी व दबंगई की डर से वह लगातार यौन—शोषण का शिकार होती रही। बताया जा रहा है कि आरोपी अरविंद पांडेय काफी प्रभावशाली व्यक्ति है, जिसकी वजह से थाने की पुलिस ने उसके खिलाफ पहले मुकदमा दर्ज करना मुनासिब ही नहीं समझा,यहां तक कि पुलिस अधीक्षक ने भी शिकायत के बावजूद मामले में कोई रुचि नहीं ली। मामला डीजीपी के पास पहुंचा तो 29 मार्च 2022 को आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म व धमकी के आरोप में मुकदमा दर्ज हुआ। पीड़िता के मुताबिक मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही आरोपी के पक्ष में बयान देने व सुलह कर लेने के लिए पीड़ित महिला पर दबाव बनने लगा, फिलहाल कोर्ट व पुलिस के सामने अपने साथ हुई घटना की कहानी पीड़िता ने बयां किया है, बावजूद इसके पुलिस आरोपी अरविंद पांडेय के अनुचित प्रभाव में मनमानी तफ्तीश कर रही है और विवेचना में खेल कर उसके खिलाफ कार्यवाही करने के बजाय उसे संरक्षण प्रदान कर रही है। पुलिस ने इस मामले में इस कदर विवेचना किया कि आरोपी के खिलाफ दर्ज दुष्कर्म के मामले को छेड़खानी में बदल दिया और विवेचना रिपोर्ट कोर्ट में दाखिल की। पीड़ित महिला ने पुलिस की इस रिपोर्ट को चुनौती देते हुए निष्पक्ष जांच कराने की मांग को लेकर हाईकोर्ट की शरण ली। हाईकोर्ट ने इस मामले में एसपी अमेठी को निष्पक्ष जांच कराने के लिए निर्देशित किया है। बावजूद इसके पुलिस जांच में शिथिलता बरत रही है। इतनी गंभीर घटना के संबंध में मुकदमा दर्ज हुए करीब साढे पांच माह बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक आरोपी के खिलाफ कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी है, बल्कि उसे तफ्तीशी खेल कर संरक्षण प्रदान किया जा रहा है । पुलिस की लचर तफ्तीश को लेकर संबंधित न्यायालय में मॉनिटरिंग अर्जी दी गई है। जिस पर सुनवाई के दौरान पीड़िता के अधिवक्ता जेके मिश्रा ने पुलिस की तफ्तीश पर सवाल खड़ा करते हुए मामले में कार्यवाही की मांग की। जिस पर संज्ञान लेते हुए प्रभारी न्यायाधीश अनिल कुमार चौधरी ने थानाध्यक्ष पीपरपुर को समस्त अभियोजन प्रपत्रों के साथ 15 सितंबर के लिए व्यक्तिगत रूप से तलब किया है। मामले में कोर्ट की सख्ती से थानाध्यक्ष की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं।

## सेवानिवृत्त अधिकारियों के विरुद्ध सम्बन्धित विभागों के प्रचलित नियमों के आलोक में की जाएगी कार्यवाही

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : लखनऊः उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने लखनऊ के होटल लेवाना में लगी आग की घटना में प्रथम दृष्टया अनियमितता एवं लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। यह जानकारी देते हुए आज यहां राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री जी द्वारा यह निर्देश आग की दुर्घटना के सम्बन्ध में पुलिस कमिश्नर लखनऊ तथा मण्डलायुक्त लखनऊ की जांच आख्या प्राप्त होने के उपरान्त दिए गए हैं। प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री जी के निर्देशों के क्रम में गृह विभाग, ऊर्जा विभाग, नियुक्ति विभाग, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग (लखनऊ विकास प्राधिकरण) तथा आबकारी विभाग के अधिकारियों को निलम्बित करते हुए उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई संस्थित की जाएगी। सेवानिवृत्त अधिकारियों के विरुद्ध सम्बन्धित विभागों के प्रचलित नियमों के आलोक में कार्रवाई की जाएगी। प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री जी के निर्देशों के क्रम में गृह विभाग के अन्तर्गत श्री सुशील यादव तत्कालीन अग्निशमन अधिकारी, श्री योगेन्द्र प्रसाद अग्निशमन अधिकारी–द्वितीय, श्री विजय कुमार सिंह मुख्य अग्निशमन अधिकारी, ऊर्जा विभाग के श्री विजय कुमार राव सहायक निदेशक विद्युत सुरक्षा, श्री आशीष कुमार मिश्रा अवर अभियन्ता, श्री राजेश कुमार मिश्रा उपखण्ड अधिकारी, नियुक्ति विभाग के तहत श्री महेन्द्र कुमार मिश्रा पी0सी0एस0 (तत्कालीन विहित प्राधिकारी) लखनऊ विकास प्राधिकरण को निलम्बित करते हुए विभागीय कार्यवाही संस्थित की जाएगी। आवास एवं शहरी नियोजन विभाग (लखनऊ विकास प्राधिकरण) के श्री राकेश मोहन तत्कालीन सहायक अभियन्ता, श्री जितेन्द्र नाथ दुबे तत्कालीन अवर अभियन्ता, श्री रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव तत्कालीन अवर अभियन्ता, श्री जयवीर सिंह तत्कालीन अवर अभियन्ता तथा श्री राम प्रताप मेट लखनऊ विकास प्राधिकरण एवं आबकारी विभाग के श्री सन्तोष कुमार तिवारी तत्कालीन जिला आबकारी अधिकारी लखनऊ, श्री अमित कुमार श्रीवास्तव तत्कालीन आबकारी निरीक्षक सेक्टर–1 लखनऊ तथा श्री जैनेन्द्र उपाध्याय उप आबकारी आयुक्त लखनऊ मण्डल को निलम्बित करते हुए विभागीय कार्यवाही संस्थित की जाएगी। प्रवक्ता ने बताया कि गृह विभाग के अन्तर्गत श्री अभयभान पाण्डेय मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सेवानिवृत्त) तथा आवास एवं शहरी नियोजन विभाग (लखनऊ विकास प्राधिकरण) के श्री अरुण कुमार सिंह तत्कालीन अधिशासी अभियन्ता (सेवानिवृत्त), श्री ओम प्रकाश मिश्रा तत्कालीन अधिशासी अभियन्ता (सेवानिवृत्त), श्री गणेशी दत्त सिंह तत्कालीन अवर अभियन्ता (सेवानिवृत्त) के विरुद्ध सम्बन्धित विभागों के प्रचलित नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

## आयुर्वेदिक अस्पताल में दुर्व्यवस्थाओं की काली छाया : उपकरण तक नहीं है उपलब्ध : टूटी खिड़कियां और खराब पड़ा शौचालय

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारत की सबसे प्राचीन चिकित्सा पद्धति की आयुर्वेद अस्पताल में तमाम परेशानियां आर्युवेद अस्पताल दुर्व्यवस्थाओं की काली छाया है। पानी शौचालय जैसी आवश्यक सुविधाएं नदारद है। अस्पताल के चिकित्सक भी दुर्व्यवस्थाओं को लेकर दुखड़ा रोते नजर आते हैं। स्थानीय नगर के आजमगढ़ मार्ग पर स्थित महिला चिकित्सालय के कैंपस में आयुर्वेदिक अस्पताल बना हुआ है।जर्जर भवन में स्थित चिकित्सालय में तमाम परेशानियां हैं।जिससे न सिर्फ मरीज परेशान होते हैं , साथ में चिकित्सालय के कर्मचारियों को भी इन समस्याओं से दो चार होना पड़ता है। बेडो से निकलती है तीव्र दुर्गंध कहने को तो आयुर्वेदिक चिकित्सालय में 25 बेड की सुविधा उपलब्ध है।लेकिन अस्पताल में महज सात बेड ही पड़े हुए हैं।वह भी दुर्व्यवस्था से ग्रस्त।इन पेड़ों से तीव्र दुर्गंध निकलती है।इन पर लोगों को लिटाकर कैसे उपचार किया जा सकता है।यह समझ पाना मुश्किल है।इस कमरे में खड़े हो पाने में ही परेशानी होती है।अगर यहां पर मरीजों को भर्ती कर दिया जाए तो उनकी तबीयत ठीक होने की वजह और बिगड़ सकती है।इस समस्या की ओर आयुर्वेदिक अस्पताल से जुड़े लोगों का ध्यान नहीं जाता। जो उनके गैर जिम्मेदाराना रवैये की घोतक है। उपकरण तक उपलब्ध नहीं आयुर्वेद अस्पताल में लोगों को कितना चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो पाती होगी। इस बात को ऐसे ही समझा जा सकता है कि मरीजों को देखने के लिए आला और बीपी नापने के उपकरण तक खराब पड़े हैं।इन खराब पड़े उपकरणों से लोगों के स्वास्थ्य की जांच कैसे हो पाती होगी समझ पाना मुश्किल है।आने वाले मरीजों को उनके द्वारा बताए गए लक्षणों और परेशानियों को सुनकर ही चिकित्सक दवाएं देने का काम करते हैं। टूटी है खिड़कियां और बंद पड़ा शौचालय अस्पताल में तमाम परेशानियां हैं।इस अस्पताल के कमरों की खिड़की टूटे हुए हैं।जिससे गंदगी अंदर पहुंचती रहती है।इतना ही नहीं अस्पताल में बना शौचालय भी बंद पड़ा हुआ है।तमाम परेशानियों के बीच लोगों के उपचार का काम चलता रहता है। जर्जर अस्पताल अस्पताल का छत व दिवाल कितना जर्जर हो गया है।देखने स ही पता चलता है। लेकिन उसका आज तक कोई भी अधिकारी व कर्मचारी सुधि लेने वाला नही है। किसी दिन बडा हादसा हो सकता है। डाक्टर बोले नहीं सुनते हैं आला अधिकारी आयुर्वेद अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी डा.सुरेन्द्र कुमार दुर्व्यवस्थाओं को लेकर सवाल उठाने पर अपना ही दुखड़ा रोने लगते हैं।उनका कहना था कि 25 बेड के बजाए सात बेड उपलब्ध होने और टूटी खिड़की,बंद पड़े शौचालय व उपकरणों को लेकर क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी को कई बार पत्र लिखा गया।लेकिन सुनवाई नहीं हुई।

## सुल्तानपुर के अनमय के लिए स्टरलिंग स्कूल के बच्चो ने 15 हजार किया इकट्ठा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गंभीर बीमारी से जूझ रहा सुल्तानपुर के अनमय को बचाने के लिए फंड इकट्ठा किया जा रहा है स्टरलिंग ग्रुप आफ स्कूल्स के बच्चो ने भी 15 हजार की राशि इकट्ठा की है जो अनमय के खाते मे भेजी जायेगी। बता दे सुल्तानपुर जिले का आठ माह का अनमय गंभीर बीमारी से पीड़ित है उसे बचाने के लिए 16 करोड का इंजेक्शन लगेगा जो अमेरिका से आयेग।अनमय की मां अंकिता सिह व उसकी बहन की सोसलमिडिया पर अपील के बाद उसके लिए हर जिले से लोग उसकी मदद कर रहे और उसके एकाऊन्ट मे राशि भेजी जा रही है। स्टरलिंग ग्रुप आफ स्कूल के चेयरमैन राजेश सिह की पहल पर मीरगंज, बंधवा बाजार ,जमुहर, किशुनदासपुर स्कूल के बच्चो ने गुल्लक बनाकर फंड इकट्ठा किया सभी बच्चों ने थोडी थोडी राशि इकट्ठा करके 15 हजार की राशि इकट्ठा की है। चेयरमैन राजेश सिह ने बताया की स्टरलिंग स्कूल मीरगंज बंधवा बाजार जमुहर तथा किशुनदासपुर के बच्चो मे अनमय के लिए 15 हजार इकट्ठा किया है जिसकी राशि अनमय के खाते मे शीघ्र भेज दी जायेगी उन्होंने बच्चो व टीचर का आभार प्रकट किया तथा अन्य स्वयं सेवी संस्थानो से आगे आने का आह्वान किया है जिससे अनमय के लिए इन्जेक्शन के लिए राशि इकट्ठा हो सके।

## 24 सितंबर को अंजुमन मजलूमिया की कदीम शब्बेदारी : सभी अंजुमनें होगी शामिल और नौहे पढ़कर करेंगी मातम

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जनाबे सकीना की याद में अंजुमन मजलूमिया की कदीम शब्बेदारी 24 सितंबर दिन शनिवार को 7 बजे शाम में इमामबाड़ा मीर सखावत हुसैन मरहूम पोस्तीखाना ख्वाजा दोस्त में होगी। 'इस शब्बेदारी में मजलिस को खिताब करेंगे सै.समर रजा जैदी सोजखानी नजर हसन एडवोकेट व उनके हमनवा पढ़ेगें।पेशखानी रजमी जौनपुरी, मेंहदी जैदी जौनपुरी परवेज जौनपुरी. इरफान जौनपुरी.फराज जौनपुरी सहित अन्य शायर करेंगे शहर की सभी मातमी अंजुमने नौहा व मातम करेगीं।अलविदाई मजलिस बेलाल हसनैन पढ़ेगें जिसके बाद शबीहे बरामद होंगी यह जानकारी अंजुमन के सदर शजर हसन व सीक्रेटरी जुहैंब हसन अफरोज ने दी है।

## क्षेत्रीय अस्पतालों मे आधुनिकीकरण हेतु विधायक ने प्रदेश के उप मुख्यमंत्री से मुलाकात कर की मांग

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने प्रदेश के उप मुख्यमंत्री स्वास्थ्य एवं चिकित्सा मंत्री बृजेश पाठक से मुलाकात कर विधानसभा क्षेत्र की अस्पतालों के आधुनिकीकरण के लिए मांग पत्र सौंपा है। उपमुख्यमंत्री पाठक ने विधायक को आश्वस्त किया कि आपकी सभी मांगे अविलम्ब पूरी करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाया जाएगा। विधायक मिश्र ने उच्चीकृत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बदलापुर को आधुनिकीकरण बनाए जाने के लिए रिक्त पड़े चिकित्सकों एवं उपकरणों की मांग किया है। उन्होंने कहा है कि बदलापुर तहसील मुख्यालय की अस्पताल में सुविधा ना होने के कारण यहां के लोगों को 40 किलोमीटर दूर जिला मुख्यालय पर इलाज कराने के लिए जाना पड़ता है। स्वास्थ्य केंद्र पर बाल रोग , हड्डी रोग, कान एवं गला रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन का पद वर्षों से खाली चल रहा है। स्वास्थ्य केंद्र पर डिजिटल एक्सरे, सीटी स्कैन मशीन, अल्ट्रासाउंड मशीन सहित अन्य उपकरण ना होने से मरीजों के सामने समस्या गहराई हुई है। विधायक मिश्र ने कैंपस के सौंदर्यीकरण एवं मरम्मत के लिए भी मांग की है। इसी क्रम में उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र महाराजगंज, राजाबाजार , पूरा लाल, नाभीपुर, सिंगरामऊ, जमऊपट्टी, धनियामऊ, लेदुका, बरबसपुर , बेलावा, कटेहरी आदि में भी रिक्त पड़े चिकित्सकों की जगह भरने, चहारदीवारी, शुद्ध पेयजल शौचालय, जांच की मशीनें आदि सुविधाओं से सुसज्जित किए जाने की मांग किया है।

## आज का युवा ही देश का भविष्य–प्रो० सिन्हा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के वित्तीय अध्ययन विभाग में चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी, जींद, हरियाणा के प्रोफेसर संजय कुमार सिन्हा डीन, एकेडमिक अफेयर्स तथा डीन, फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट ने कहा कि देश निर्माण में युवाओं की सकारात्मक भूमिका होनी चाहिए। आज का युवा ही देश का भविष्य है, इसलिए युवाओं को अपनी भूमिका को परखते हुए लक्ष्यों को निर्धारित करना



चाहिए। प्रो. सिन्हा प्रबंध अध्ययन संकाय के विद्यार्थियों को शनिवार की शाम संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि शिक्षा को नौकरी से नहीं वरन रोजगार से जोड़कर अपनी शिक्षा के अनुरूप जीवन में कुछ नवाचार करना चाहिए। आज के युवा में ऊर्जा की कमी नहीं है परंतु सही दिशा निर्देश ना मिलने के कारण उन्हें चुनौतियों का सामना करने में कठिनाई आती हैं। इससे पहले मुख्य वक्ता का स्वागत करते हुए प्रोफेसर अजय द्विवेदी ने कहा कि निश्चित बाजार में प्रतियोगिता का स्तर बढ़ा है परंतु रोजगार के अवसरों की संभावनाओं में भी इजाफा हुआ है। विभागाध्यक्ष डा. सचिन अग्रवाल ने छात्र छात्राओं को बाजार में अपनी उपयोगिता बढ़ाने के लिए टिप्स दिए तथा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिया। संचालन विभाग के प्राध्यापक सुशील कुमार ने किया धन्यवाद अबू सालेह ने किया। इस मौके पर डा. आलोक गुप्ता, गंगेश पाठक, शिप्रा सिंह, नेदा फातिमा, सुधांशु मौर्या, सुनैना चौधरी, मो० जाकिर, नेहा सिंह, गरिमा सिंह, इत्यादि मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटना में मृत अस्पताल मैनेजर के परिजनों को दी एक लाख की आर्थिक मदद

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला पंचायत सदस्य अमरबहादुर यादव ने शिवापार निवासी उजाला सुपर मल्टी स्पेशलिटी के मैनेजर स्व0अशोक मिश्रा के घर शनिवार को रात में तेरहवीं कार्यक्रम में पहुचकर एक लाख रुपए की नगद राशि देकर मदद की है।साथ ही परिवार को दस हजार रुपए प्रति माह देने का आश्वासन दिया है। शिवापार निवासी उक्त की 28 अगस्त को सरक दुर्घटना में मौत हो गई थी ।उनके घर शनिवार को अस्पताल संचालक व जिला पंचायत सदस्य अमरबहादुर यादव पूरी टीम के साथ पहुंचकर उक्त की पत्नी और बच्चे को ढाढस बधायां और पत्नी को एक लाख रुपए नगद दिया। बच्चो के बालिग होने तक दस हजार रुपए प्रतिमाह देने तथा बच्चों को शिक्षा और शादी विवाह में पूरी मदद करने का भरोसा दिया है।

## यश ने जेईई में 437 वी रैंक पाकर जनपद का किया नाम रोशन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जेईई एडवांस्ड 2022 में ऑल इंडिया स्तर पर 437वी रैंक हासिल करके केराकत के शिवरामपुर खुर्द निवासी यश प्रताप सिंह ने जनपद का नाम रोशन किया है।यश का आईआईटी में चयन होने से क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। यश प्रताप की इस उपलब्धि से उनके पैतृक गांव केराकत के शिवरामपुर खुर्द में जश्न का माहौल है। मालूम हो कि यश जनता इण्टर कालेज एवं पीजी कालेज रतनूपुर के प्रबंधक ओंकार सिंह के पौत्र है। यश के पिता पेशे से अध्यापक आनन्द कुमार सिंह और माता अनिता सिंह बेटे की इस उपलब्धि पर फूले नही समा रहे है। ऑल इंडिया स्तर पर 437 वी रैक पाकर यश के आईआईटी में चयन होने से खुश परिवार वालो ने सबको मिठाई खिलाकर खुशियां जता रहे है। बता दे कि यश प्रताप सिंह ने इसी वर्ष सीबीएससी बोर्ड द्वारा संचालित 12 वी की परीक्षा आर बी सी चिल्ड्रेन एकेडमी खारुपुर नारायणपुर चौबेपुर वाराणसी से 96.2 फीसदी अंको से उत्तीर्ण किया है।12 वी की परीक्षा के बाद यश कोटा जाकर तैयारी में जुट गए । प्रथम प्रयास में ही आल इंडिया स्तर पर 437 वी रैंक हासिल करके आईआईटी में चयनित यश प्रताप सिंह ने शिवरामपुर खुर्द ही नही जिले का नाम रोशन किया है।बधाई देने वालो में मुख्य रूप से राजेन्द्र प्रसाद सिंह भाय,मुरली पाल, अमित सिंह, डा दिनेश सिंह, सुदर्शन सिंह, डॉ इंद्रपाल सिंह ,मुकेश सिंह,आशीष सिंह बादल, अमरजीत सिंह,सरोज पाठक,डॉ आशुतोष तिवारी,डॉ सरोज पाल अरविंद सिंह, शिवशंकर सिंह,पंकज सिंह दीपक सिंह सहित दर्जनों लोग थे।

## मां दुर्गा की प्रतिमा के निर्माण में जुटे मूर्तिकार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : प्रखंड क्षेत्रों में आगामी दुर्गा पूजा को लेकर तैयारी जोर–शोर से शुरू हो गई है। 26 सितंबर से शुरू होने वाले शारदीय नवरात्र को अब कुछ ही दिन शेष रह गए है। नवरात्र को लेकर गांव से कस्बे में विभिन्न पूजा समितियों द्वारा पूजा पंडाल निर्माण की तैयारी अभी से ही शुरू कर दी गई है। मूर्तिकार दिन रात मेहनत करके मां दुर्गा की मूर्ति बनाने में जुटे हुए। मूर्तिकार रोहित ने बताया कि अब कुछ ही दिन शेष रह गए हैं इसीलिए मूर्ति बनाने में रोजाना जुटे हुए हैं सुल्तानपुर से सिंगरामऊ बाजार में आकर मूर्ति निर्माण कर रहे मूर्तिकार जानू ने बताया कि मूर्तियों का 70: कार्य पूरा हो गया है अभी बचे हुए समय में मूर्ति का निर्माण हो जाएगा। इस बार 26 सितंबर को पहली पूजा के साथ दुर्गा पूजा शुरू हो रही है। जिसको लेकर सिंगरामऊ में मां दुर्गा की मूर्तियों को मूर्त रूप देने के लिए इन दिनों बाहर से आए मूर्तिकार दिन रात काम में जुटे हुए हैं।

## विषैला जंतु काटने से युवती की मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर के सरवरपुर मोहल्ला में शनिवार की देर शाम एक युवती की मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। युवती एक डिग्री कालेज में बीएड अंतिम वर्ष की छात्रा थी। सरवरपुर मौहल्ला निवासी मिन्ता कुमारी 21 पुत्री लल्लन प्रसाद बिंद सायं काल किसी काम के लिए घर में बाक्स से पैसा लेने गई थी। इस दौरान विषैले जन्तु ने उसे काट लिया। मिनता कुमारी ने परिजनों को बताया तो परिजन किसी अस्पताल में ले जाने के बजाय उसे नगर के एक होम्योपैथी चिकित्सक के यहां लेकर गये। चिकित्सक के न मिलने पर दूसरी जगह लेकर गये। जहां चिकित्सक ने जवाब दे दिया। परिजन उसे लेकर अन्य डाक्टर और तांत्रिक के पास भी गये। देर शाम तक हर जगह प्रयास के बाद युवती बच नहीं सकी। परिजनो ने देर रात्रि युवती के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## मधुमक्खी के काटने से युवक की हालत गंभीर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के मजडीहां गांव में सौच के लिए गये युवक को मधुमक्खी के काटने से हालत गंभीर हो गयी। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के मजडीहां गांव निवासी अमरबहादुर यादव (19)पुत्र सत्यनारायण यादव रविवार की दोपहर सौच के लिए गांव के बगल एक खेत में गया हुआ था। सौच करते समय वहां से गुजर रही मधुमक्खी के झुंड ने अपनी चपेट में ले लिया। रोते बिलखते हुए अमर बहादुर घर के समीप गिर गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

## संगत पंगत ने डॉक्टर संपूर्णानंद को किया सम्मानित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शिकागो की धर्मसंसद में स्वामी विवेकानंद जी द्वारा दिए गए ऐतिहासिक भाषण के उपलक्ष्य में 11 सितंबर 2022 को आज शास्त्री नगर परमानतपुर में स्वामी विवेकानंद जी को संगत पंगत जौनपुर व कायस्थ ग्लोबल कॉन्फ्रेंस जौनपुर द्वारा पुष्पांजलि अर्पित किया गया व उनके द्वारा किये गए ऐतिहासिक महत्व की चर्चा पर विचार गोष्ठी हुआ। उक्त अवशर पर कायस्थ ग्लोबल कॉन्फ्रेंस उत्तर प्रदेश के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ सम्पूर्णानंद अस्थाना का जोरदार स्वागत किया गया जिसमें माल्यापर्ण कर स्मृति चिन्ह भेंट कर अंगवस्त्र भेट किया गया। प्रदेश अध्यक्ष डॉ सम्पूर्णानंद अस्थाना ने कहा कि शीघ्र ही पूरे प्रदेश में संगठन का विस्तार कर लोगो को जोड़ने का काम किया जायेगा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि संगठन चाहे जितने हो सभी संगठन कायस्थ एकता के लिए कार्य करते रहते है। संगत पंगत के प्रदेश सहसंयोजक राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया ने कहा कि आज कायस्थ समाज जागरूक हुआ है समाज के उत्थान के लिए लोग आगे आ रहे है संगत पंगत देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का जन्मदिन भी धूमधाम से मनाएगा। जिलाध्यक्ष संगत पंगत पंकज श्रीवास्तव हैप्पी ने कहा कि संगत पंगत समाजहित में कार्य कर रहा है और करता रहेगा। भाजपा के नगर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव ने स्वामी विवेकानंद जी के उपलब्धि पर अपना विचार देते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने हिंदुस्तान को विश्व में एक ऐतिहासिक महत्व दिलाया था। 16 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर हरि कीर्तन व भंडारा दोपहर 12 बजे नवदुर्गा मंदिर सद्भावना पर आयोजित किया गया है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक पत्रकार ने कहा कि संगत पंगत संगठन सुखदुःख का सच्चा साथी हैं यह संगठन दिखावा कम काम ज्यादा करता है और करता रहेगा अंत में सर्वसम्मति से जौनपुर कायस्थ समाज के लोगो ने अजय देवगन के फिल्म थैंक्स गॉड के बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया पिक्चर में अपने आराध्य देव भगवान



के बारे मे अशोभनीय टिप्पणी करने की निंदा प्रस्ताव पारित किया गया और सरकार से फिल्म पर रोक लगाने व दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करने की मांग किया। सभा को संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष बीजेपी अमित श्रीवास्तव ने कहा कि शिकागो में भाषण के दौरान उन्हें जीरो पर बोलने का अवसर दिया गया था जिस पर उन्हें काफी लंबा वक्तव्य भी दिया जिसको सुनकर लोग स्तब्ध रह गए आज ऐसे महापुरुष मनीषी जो हमारे मार्गदर्शक हैं उनके बताए पद चिन्हों पर चलकर हम कुछ नया कर सकते हैं। इस अवसर पर श्री प्रकाश अस्थाना, पंकज श्रीवास्तव हैप्पी जिलाध्यक्ष,भाजपा नेता राजेश श्रीवास्तव बच्चा भैया प्रदेश सह संयोजक संगत संगत, सुरेश अस्थाना, आशीष कुमार श्रीवास्तव, संरक्षक संजय श्रीवास्तव एडीजीसी, सचिन श्रीवास्तव ,अमित श्रीवास्तव नगर अध्यक्ष बीजेपी जौनपुर विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक पत्रकार, डॉक्टर पी सी श्रीवास्तव ,श्री प्रकाश अस्थाना ,डॉ विजय श्रीवास्तव ,नीरज कुमार श्रीवास्तव ,अमित श्रीवास्तव औरही, राजेश कुमार श्रीवास्तव ,राज प्रकाश अस्थाना, अनीश श्रीवास्तव ,अमन श्रीवास्तव ,नवीन श्रीवास्तव ,अनुपम श्रीवास्तव, श्रीश अस्थाना, राजू श्रीवास्तव, नवीन चंद्र श्रीवास्तव,अंकित श्रीवास्तव राकेश श्रीवास्तव महामंत्री सुलभ श्रीवास्तव,अजय श्रीवास्तव ,विजय श्रीवास्तव, अमन श्रीवास्तव आयुष अस्थाना मुन्नू श्रीवास्तव संतोष निगम महेन्द्र अस्थाना अमर श्रीवास्तव आदि चित्रांश बंधु उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष दीपक श्रीवास्तव पत्रकार व धन्यवाद जिलाध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव ने किया आभार डॉ सम्पूर्णानंद अस्थाना जी ने किया।

## अखिल भारतीय कायस्थ महासभा नें फिल्म थैंक् गॉड का किया बहिष्कार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ इंद्रसेन श्रीवास्तव ने सोमवार को अपने आवास पर पत्रकार वार्ता करते हुए बताया कि थैंक् गॉड फिल्म के निर्माताओं के द्वारा फिल्म का एक ट्रेलर रिलीज किया गया है जिसमें अजय देवगन ने भगवान श्री चित्रगुप्त जी का अभिनय किया है। अजय देवगन ने जिस तरह से हमारे भगवान श्री चित्रगुप्त जी की प्रस्तुति एवं अभिव्यक्ति को प्रस्तुत किया है उससे हिंदू समाज आहत हुआ है हम उसे अपमान की श्रेणी में रखते हैं। भगवान श्री चित्रगुप्त को जिस आधुनिक वेशभूषा में प्रस्तुत किया गया है वह हमें स्वीकार नहीं है। अजय देवगन द्वारा जिस मजाकिया अंदाज में भगवान चित्रगुप्त की प्रस्तुति की है उसे हम स्वीकार नहीं करते हैं हम उसका विरोध करते हैं भगवान श्री चित्रगुप्त पृथ्वी पर उपस्थित समस्त प्राणियों के आराध्य देव हैं उनका अपमान हम कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। इतना ही नहीं फिल्मकार एवं निर्माता जिस तरह हिंदू समाज के देवी देवताओं की प्रस्तुति फिल्मों में कर रहे हैं वह अशोभनीय है जिसे हमारा समाज




बर्दाश्त नहीं करेगा। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने निर्णय लिया है कि हम कायस्थ जन इसका विरोध करेंगे और उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराएंगे और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगे और पुनरावृत्ति करने वालों को दंड दिलाएंगे कायस्थ महासभा ने यह भी निर्णय लिया है हम पूरे देश में इसका विरोध करेंगे। हम आप के माध्यम से सरकार से मांग करते हैं की इनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए थैंक गॉड फिल्म से आपत्तिजनक दृश्यों को हटाया जाए अन्यथा हम देश भर में फिल्म का बहिष्कार करेंगे। प्रेसवार्ता में जिलाध्यक्ष श्री नीलमड़ी श्रीवास्तव, श्री राकेश साधू,श्री मनीष श्रीवास्तव,श्री आलोक वर्मा, श्री श्रीकांत श्रीवास्तव, श्री दीपक श्रीवास्तव, श्री सुरेश अस्थाना उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के क्रियान्वयन में आ रही व्यवहारिक कठिनाईयों के परिप्रेक्ष्य में किया गया संशोधन

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने अवगत कराया है कि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के क्रियान्वयन में आ रही व्यवहारिक कठिनाईयों के परिप्रेक्ष्य में मूल शासनादेश के मार्गदर्शिका में उल्लिखित वर्तमान व्यवस्था में शासन के सचिव, उ0प्र0 शासन महिला एवं बाल विकास अनुभाग–3 के द्वारा संशोधन किया गया है। उक्त के क्रम में वर्तमान व्यवस्था के अनुसार – वर्तमान समय में श्रेणी–1 (बालिका के जन्म होने पर) व श्रेणी–2 (बालिका के एक वर्ष तक के पूर्ण टीकारण के उपरान्त) के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के आवेदन पत्रों का स्थलीय व भौतिक सत्यापन क्रमशः उपजिलाधिकारी व खण्ड विकास अधिकारी द्वारा किया जाता है। श्रेणी–3 (कक्षा प्रथम में बालिका के प्रवेश के उपरान्त) व श्रेणी–4 (कक्षा छः में बालिका के प्रवेश के उपरान्त) के आवेदन पत्रों का उपजिलाधिकारी/खण्ड विकास अधिकारी के सत्यापन के पूर्व खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा भी सत्यापन किया जाता है। इसी प्रकार श्रेणी–5 (कक्षा–9 में बालिका के प्रवेश के उपरान्त) व श्रेणी–6 (ऐसी बालिकायें जिन्होंने कक्षा–10वीं/12वीं उत्तीर्ण करके स्नातक अथवा 02 वर्षीय या अधिक अवधि के डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश लिया हो) के आवेदन पत्रों का उपजिलाधिकारी/खण्ड विकास अधिकारी के सत्यापन के पूर्व जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा भी सत्यापन किया जाता है। संशोधित व्यवस्था के अनुसार – श्रेणी–1 से श्रेणी–6 तक सभी श्रेणियों के आवेदन पत्रों की पात्रता की स्थलीय जॉच व भौतिक सत्यापन शहरी क्षेत्र में उपजिलाधिकारी एवं ग्रामीण क्षेत्र में खण्ड विकास अधिकारी द्वारा किया जायेगा। उप जिलाधिकारी/खण्ड विकास अधिकारी द्वारा किये जाने वाले स्थलीय भौतिक सत्यापन में खण्ड शिक्षा अधिकारी/जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा किये जाने वाले सत्यापन के बिन्दुओं पर भी जॉच/सत्यापन किया जायेगा। वर्तमान व्यवस्था के अनुसार वर्तमान समय में योजना की 06 श्रेणियों का लाभ प्राप्त करने के लिये आवेदक द्वारा प्रत्येक श्रेणी के लिये पृथक–पृथक आवेदन किया जाना अनिवार्य है। संशोधित व्यवस्था के अनुसार – आवेदक को किसी भी श्रेणी में आवेदन करने के पश्चात आगामी सभी श्रेणियों में सहजता से लाभ प्रदान करने हेतु पहली बार स्वीकृत होने के बाद आगामी श्रेणियों हेतु लाभार्थी बालिका का फार्म स्वतः संचालित सिस्टम के माध्यम से अग्रसारित किया जायेगा। आवेदन पत्र के अग्रसारण की सूचना पोर्टल जनित एस0एम0एस0 के माध्यम से लाभार्थी/आवेदक के पंजीकृत मोबाइल नम्बर पर प्रेषित की जायेगी। स्वतः अग्रसारित आवेदन पत्र स्थलीय व भौतिक सत्यापन हेतु शहरी क्षेत्र में उपजिलाधिकारी एवं ग्रामीण क्षेत्र में खण्ड विकास अधिकारी को आनलाइन प्रेषित किये जायेंगे, जिनके द्वारा क्षेत्रीय कार्मिकों (ग्राम पंचायत/ग्राम विकास अधिकारी, लेखपाल, या स्थानीय नगरीय निकाय के कार्मिकों, आंगनवाड़ी कार्यकत्री) के माध्यम से आवेदन पत्रों का स्थलीय व भौतिक सत्यापन कराया जायेगा। स्थलीय व भौतिक सत्यापन की आख्या के साथ संबंधित श्रेणी हेतु निर्धारित अतिरिक्त अभिलेख भी उपजिलाधिकारी/खण्ड विकास अधिकारी द्वारा अपलोड किये जायेगें। सत्यापन के उपरान्त उपजिलाधिकारी/खण्ड विकास अधिकारी द्वारा पात्र आवेदन पत्र क्षेत्रीय कार्मिकों की आख्या सहित जनपद स्तरीय लॉगिन आई0डी0 पर अग्रसारित किया जायेगा। वर्तमान व्यवस्था – वर्तमान समय में योजना का लाभ प्राप्त करने के लिये लाभार्थी का बैंक खाता किसी राष्ट्रीयकृत बैंक या क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक में होना आवश्यक है। संशोधित व्यवस्था – योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु राष्ट्रीयकृत बैंक/क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के साथ भारतीय पोस्टल बैंक के खाते भी अनुमन्य होगें। वर्तमान व्यवस्था – आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ रू0 10 के स्टाम्प पत्र पर निर्धारित प्रारूप पर शपथ पत्र दिया जाना अनिवार्य है। संशोधित व्यवस्था – आवेदक द्वारा शपथ पत्र में स्थान पर निर्धारित प्रारूप पर स्वहस्ताक्षरित घोषणा पत्र उपलब्ध कराया जायेगा। वर्तमान व्यवस्था – वर्तमान समय में योजना के विभिन्न श्रेणियों हेतु आवेदन करने की समय सीमा निर्धारित है–यथा श्रेणी 1 हेतु बालिका के जन्म 06 माह के अन्दर श्रेणी 3 व 4 हेतु 31 जुलाई या विद्यालय में प्रवेश की अन्तिम तिथि के 45 दिन के अन्दर (जो भी बाद में हो) तथा श्रेणी 5 व 6 हेतु 30 सितम्बर या विद्यालय में प्रवेश की तिथि अन्तिम तिथि के 45 दिन के अन्दर (जो भी बाद में हो)। संशोधित व्यवस्था – योजना की श्रेणी, 1 व 2 क लिये जन्म एवं टीकाकरण पूर्ण करने के एक वर्ष के अन्दर तथा श्रेणी 3 4 5 व 6 के लिये विद्यालय/शैक्षिक संस्थान में प्रवेश लेने वाले वित्तीय वर्ष में आवेदन करने की अनुमन्यता होगी।

